# बीएचईएल ने 73वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया




नई दिल्ली: बीएचईएल ने देश भर में अपने सभी कार्यालयों में भारत का 73वां गणतंत्र दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। बीएचईएल के सीएमडी डॉ. नलिन सिंघल ने नोएडा स्थित कंपनी की टाउनशिप में आयोजित एक भव्य समारोह में भारत का तिरंगा झण्डा फहराया। इस अवसर पर बीएचईएल के निदेशकगण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में उन्होंने बीएचईएल कर्मचारियों और उनके परिवारों को संबोधित किया। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मनाए गए 'अकम आइकॉनिक वीक' के दौरान आयोजित दिल्ली/एनसीआर स्थित कार्यालयों की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को इस कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों और उनके परिवारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण भी किया गया।